जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 अंक-14 जयपुर, सोमवार, 4 अप्रैल, 2022 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

# प्रदेश के आयुष औषधालयों और चिकित्सालयों में भी शुरू हुई ओपीडी एवं आईपीडी की निःशुल्क सुविधा

**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य के सभी श्रेणी के औषधालयों और चिकित्सालयों में उपलब्ध ओपीडी एवं आईपीडी सुविधाएं प्रदेशवासियों को पूर्णतः निःशुल्क दी जाएगी। प्रारंभ में एक माह की अवधि में व्यवस्था का ड्राय रन होगा, जिसमें कियान्वयन में आने वाली समस्याओं को चिन्हित कर समाधान किया जायेगा। योजना का औपचारिक प्रारंभ 1 मई से किया जाएगा। आयुष मंत्री डॉ सुभाष गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक



गहलोत की घोषणा की अनुपालना में आयुष विभागान्तर्गत संचालित चिकित्सा केन्द्रों में भी ओपीडी एवं आईपीडी सुविधायें निःशुल्क किये जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ओपीडी एवं आईपीडी की सुविधा निःशुल्क प्रारंभ की जावेगी। किसी भी प्रकार का पंजीयन शुल्क नहीं लिया जावेगा। गर्ग ने बताया कि राजकीय चिकित्सा संस्थानों में ओपीडी में आने वाले तथा आईपीडी में भर्ती मरीजों को समस्त दवाईयां एवं जांचे निःशुल्क प्रदान की जावेगी। उन्होंने बताया कि ये सुविधा राज्य के समस्त प्रदेशवासियों के लिये निःशुल्क उपलब्ध होंगी। परन्तु राज्य के बाहर से आने वाले मरीजों से नियमानुसार शुल्क लिया जावेगा।




## साईं मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह ने किया स्कूल स्टाफ का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर के महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ईटावा भोपजी के स्कूल स्टाफ को उत्कृष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया । सम्मान स्वरूप सभी को माला और मिठाई खिलाई। इससे पूर्व कैप्टन पृथ्वी सिंह ने माता सरस्वती की मूर्ती पर माल्यार्पण किया और दुपट्टा ओढ़ाकर, दीप प्रज्वलन किया । फिर कन्या पूजन कर आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । इसके बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ईटावा भोपजी के समस्त स्कूल स्टाफ को सम्मानित किया । साथ ही उपस्थित नर्सिंगकर्मियों का भी सम्मान किया ।कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने सम्मान करते हुए कहा कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ईटावा भोपजी में मैंने जीवन के 70 सालों बाद पहली बार ऐसा वार्षिकोत्सव देखा ,बच्चों का अनुशासन देखा तो मेरे मन में सभी स्कूल के स्टाफ का सम्मान करने का भाव जागा ।स्कूल प्रधानाचार्य इंदिरा धनकड़ ने कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत का आभार जताया और कहा की ऐसे सम्मान करने से हमारे बच्चों और स्टाफ का मनोबल बढ़ेगा और आगे भी अच्छे प्रोग्राम करने की प्रेरणा मिलेगी । इस दौरान भूपेंद्र सिंह,नवदीप सिंह , स्कूल का समस्त स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे ।



## लर्निंग लिंक्स फाऊंडेशन ने महिलाओं को प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र वितरित किए

**जयपुर (हमारा वतन)।** लर्निंग लिंक्स फाऊंडेशन द्वारा मास्टरकार्ड के सहयोग से महिला उद्यमिता एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के तहत चौमूं स्थित ओसियन ब्लू रिसोर्ट में महिलाओं को प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चौमूं नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, पंचायत समिति सदस्य स्नेहलता पारीक, महारकलां सरपंच मीनू सैनी ने शिरकत की । कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओ का उत्साहवर्धन करते हुए नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कहा की वह उद्यमिता में महिलाओं को आगे बढाने के लिए मिले इस प्रशिक्षण एवं अनुदान राशि से बहुत प्रसन्न हुए ।साथ ही उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम हेतु हर संभव सहयोग करेंगे ।

पंचायत समिति सदस्य स्नेहलता पारीक ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने में यह कार्यक्रम काफी मददगार रहेगा । वहीं उन्होंने बताया की वह इस कार्यक्रम को अपनी प्रत्येक पंचायत स्तर पर कराने में पूरी तरह सहयोग करेंगे । महारकलां सरपंच मीनू सैनी ने सभी महिलाओं को प्रोत्साहन राशि को उद्यम में काम लेने की बात कही । कार्यक्रम का संचालन लर्निंग लिंक्स फाऊंडेशन की शिवानी कुमार ने किया।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

नई समृद्धि, नई मुस्कान
आगे बढ़ता राजस्थान




राजस्थान दिवस हम सबके लिए महान गौरव का क्षण है। यह राजस्थान की वीरता, त्याग, विरासत और संस्कृति का उत्सव है।

राजस्थान दिवस पर मैं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूँ। हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ है।

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री

सभी प्रदेशवासियों को
राजस्थान
दिवस
30 मार्च, 2022
की हार्दिक शुभकामनाएं




राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान

## आदिशक्ति के नौ रूप

आदिशक्ति के नौ रूपों का , इस
नवरात्रि में स्वागत है।
माँ दुर्गा की पूजा को आतुर ,सारा
जहाँ और भारत है।
नारी शक्ति को संबल देकर माँ ने माँ
होना सिखलाया,
इसीलिए हर काम के ख़ातिर, माँ को
मिला महारथ है।
आओ हम सभी मिलकर दुर्गा माता
का ध्यान करें।
आदिशक्ति जगतजननी हम भक्तों
का कल्याण करें।
माँ के प्रति सच्ची आस्था हो ,फिर
तो दुःख नदारद है।
आदिशक्ति के नौ रूपों का , इस
नवरात्रि में स्वागत है।
प्रथम दिवस मां शैलपुत्री का,
स्वागत और सत्कार करेंगे।
और सकल देवियों की ,हम विनती
बारम्बार करेंगे।
गुड़हल के लाल पुष्प से ,माँ दुर्गा
का आव भगत है।
आदिशक्ति के नौ रूपों का , इस
नवरात्रि में स्वागत है।
नारियल चुनरी का सप्रेम चढ़ावा,माँ
को ज्ञापित करना है।
माँ दुर्गा के नौ रूपों को ,मनमंदिर में
स्थापित करना है।
माँ आदिशक्ति कल्याणी हों,बस
इतनी सी चाहत है।
आदिशक्ति के नौ रूपों का , इस
नवरात्रि में स्वागत है।



सिद्धार्थ गोरखपुरी

# 130 सच्चे कलाकारों को मिला 'कला शिरोमणी अवॉर्ड'

**यूट्यूब चैनल सच्चे कलाकार की सक्सेसफुल पर हुआ कार्यक्रम**

**फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कलाकारों ने की समारोह में शिरकत**

### अभिनेता उग्रसेन तंवर का मनाया जन्मदिन

**जयपुर (हमारा वतन)।** यूट्यूब चैनल सच्चे कलाकार ने बहुत ही कम समय में अपनी एक अलग ही पहचान दर्शकों के बीच में बना ली है । जिसकी सक्सेसफुल को लेकर पिंक सिटी जयपुर में सच्चे कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन होटल अक्षयम में किया गया। जानकारी के लिए आपको बता दें कि राजस्थानी फिल्मों के अभिनेता उग्रसेन तंवर ने कोरोना काल को देखते हुए इस चैनल को शुरू किया था और आज इस पर बहुत ही शानदार शोर्ट फ़िल्में दर्शकों को देखने को मिल रही हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया । सम्मान समारोह में 130 लोगों को कला शिरोमणी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बीच में केक काटकर उग्रसेन तंवर का जन्मदिन भी मनाया गया । इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। समारोह में पद्मश्री गुलाबो सपेरा, राजेन्द्र राव, मुरारीलाल महर्षि, मोहन कटारिया, ज्योति भारती गोस्वामी, उषा श्री, नहर के गणेश जी के महंत जय कुमार शर्मा, अजीत सिंह, रेखा परिहार, एसपी निभावत , जितेंद्र अजमेरा, प्रिया राजपूत, माहिया दाधीच,मिनाक्षी सेन,सत्यनारायण पाटोदिया,अरुण किम्मतकर,उषा जैन,सिकंदर चौहान ,दिलबर हुसैन ,राजेंद्र सिंह शेखावत, मोनू शर्मा,गोपाल सिंह राठोड़, आर सी मीना,अशोक खडोलिया,अजीत सिंह,ध्रुव सैनी, नंदन सैनी, मुकेश सैनी,मोहन लाल सैनी,नवीन कटारा,भरत व्यास, मधुराज,गोपाल भारती,राजेश खन्ना,रमेश मकवाना,मोहम्मद इलियास, प्रेम राठोड़,हेमलता कुशवाह , चन्द्रशेखर भारद्वाज,महेश योगी,अभिनव शर्मा, मनीषा सैनी,यूट्यूब 'काका कजोड़, रोशन यादव, शंकर लाल सैनी सहित 130 हस्तियों को कला शिरोमणि अवार्ड से सम्मानित किया गया ।







सम्मान समारोह में राजस्थानी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी करीब 250 हस्तियों ने शिरकत की और सम्मान समारोह की पहली बार मुक्त कंठ से प्रसंशा की ।

## श्रीराम महायज्ञ को लेकर इक्कीस सौ महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहर के रींगस रोड स्थित अंजनी हनुमान धाम मंदिर के महंत हरिकृष्ण दास जी गवालिया बाबा के तत्वाधान में नौ दिवसीय 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ के तहत पहले दिन प्राचीन गढ़ स्थित गणेश मंदिर से शाही लवाजमे के साथ इक्कीस सौ महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाते और नाचते हुए चल रही थी। कलश यात्रा के साथ श्री राम दरबार की झांकी भी चल रही थी। कलश यात्रा जब मुख्य मार्गो से गुजर रही थी तब सामाजिक संगठन एवं व्यापारियों ने जगह - जगह कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की । साथ ही नव संवत्सर के चलते लोगों ने शरबत पिलाकर स्वागत किया। इसके बाद आचार्य कमलेश शर्मा व पंडितो के मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ में यजमानों को यज्ञ मंडप में प्रवेश करवाया गया । इस अवसर पर यज्ञ स्थल पर



रामलीला रासलीला आदि धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। शोभायात्रा में अग्रपीठाधीश्वर राघवाचार्य जी महाराज रेवासा वाले, त्रिवेणी धाम के रामरिछपाल दास जी महाराज, रामबिहारी दास जी महाराज धानोता का पावन सान्निध्य मिला। इस दौरान विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, एमजेएफ ग्रुप चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। शहर में कलश यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। इस दौरान चौमूं, हरमाड़ा, विश्वकर्मा और महिला पुलिस थाने समेत पुलिस लाइन का अतिरिक्त जाप्ता तैनात रहा। इस मौके पर चौमूं एसीपी राजेंद्र सिंह निर्वाण, थाना प्रभारी हेमराज, विश्वकर्मा थाना प्रभारी रमेश सैनी सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने अनिल देशमुख मामले में एसआईटी जांच की मांग वाली महाराष्ट्र सरकार की याचिका खारिज की

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महाराष्ट सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ सीबीआई से जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपने का निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा- क्षमा करें, इसे खारिज किया जाता है। शीर्ष अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसने देशमुख के खिलाफ एक एसआईटी द्वारा अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली महाराष्ट सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

## पीएम को परीक्षा पर चर्चा नहीं पेपर लीक पर चर्चा करनी चाहिए : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा को उत्तर प्रदेश में पेपर लीक पर चर्चा करनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश में कुछ परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को ट्वीट कर कहा, भाजपा सरकार को उप्र में पेपर लीक पर चर्चा करनी चाहिए। पिछले साल 28 नवंबर को यूपी टीईटी पेपर लीक से लाखों युवाओं को आघात लगा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा, एक्शन के नाम पर दिखावटी कदमों के अलावा कुछ नहीं हुआ।

## खाद्य मंत्री प्रताप सिंह ने किया 'द ग्लैमडोर - सीजन 2' के पोस्टर का विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने गठजोड फिल्म्स एन्ड एंटरटेनमेंट के द ग्लैमडोर फैशन शो के सीजन 2 के पोस्टर का विमोचन अपने निवास पर किया। विमोचन के दौरान शो के फाउंडर महावीर कुमार सोनी ने उनको शो की जानकारियों से अवगत कराया।

फैशन शो का एक यूनिक तरह से जुलाई माह में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश एवं प्रदेश के प्रमुख मॉडल्स द्वारा रैंपवॉक के माध्यम से प्रख्यात डिज़ाइनर के क्लोथिंग शोकेस की जाएगी। इस अवसर पर पार्षद जयपुर नगर निगम हेरिटेज मनोज मुदगल, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव दुष्यंत राज सिंह चुंडावत, एक्ट्रेस एन्ड मॉडल खुशबू सईद, सोनल बसेर, राज शर्मा, सिद्धार्थ अग्रवाल, फाउंडर महावीर कुमार सोनी आदि मौजूद रहे।






## कांग्रेस संगठन को चौमूं में मजबूत करना है : रूक्मणि कुमारी

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम मोरीजा स्थित चौमू बाग में कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर प्रोफेशनल कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष रूक्मणि कुमारी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में रूक्मणि कुमारी ने कहा कि आपसी मतभेद भुलाकर चौमू में कांग्रेस संगठन को मजबूत करना है। कांग्रेस राज में प्रदेश में चहुमुखी विकास हुआ है ।

कार्यक्रम में कांग्रेस डिजिटल सदस्यता प्रभारी सांवरमल महरिया ने कांग्रेस डिजिटल सदस्यता अभियान मे ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाकर चौमू में कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया।बैठक मे चौमू विधानसभा क्षेत्र के 80 गावों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कांग्रेस सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी दी गई ।इस मौके पर पूर्व उपसरपंच अनतपुरा शंकर लाल शर्मा, कांग्रेसी नेता कृष्णकांत शर्मा, सियासरण शर्मा, लोकेश शर्मा, गोविद सहाय गुप्ता, जयप्रकाश देवंदा, सीताराम सामरिया, संतोष कुलवाल, संजय पारीक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## जॉब्स

1. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद पशुधन सहायक, पद संख्या 1136, अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2022
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद लैब असिस्टेंट, पद संख्या 1012, अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2022
3. एंप्लोई स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (ईएसआईसी) पद स्पेशल सिक्योरिटी ऑफिसर, पद संख्या 93, अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2022
4. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद एमटीएस और हवलदार, पद संख्या 3603+, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2022
5. बैंक ऑफ बड़ौदा, पद ब्रांच रिसिवेबल मैनेजर, पद संख्या 159, अंतिम तिथि 14 अप्रैल 2022
6. इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पद जूनियर टेक्नीशियन, पद संख्या 1625, अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2022
7. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, पद ऑफिसर और असिस्टेंट मैनेजर, पद संख्या 303, अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2022
8. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद हाउसकीपर, पद संख्या 33, अंतिम तिथि 4 मई 2022




## सुजैन खान की बहन ने छोटे कपड़ों पर दिया भर-भरकर ज्ञान, उर्फी जावेद बोली स्टार किड्स को ऐसे...

उर्फी जावेद आए दिन अपनी ड्रेसिंग सेंस को लेकर ट्रोल होती रहती हैं लेकिन अब उनके कपड़ों पर सुजैन खान की बहन ने तंज कस डाला है। ऐसे में उर्फी जावेद ने उन्हें दो पन्नों में करारा जवाब दिया है। अजीबोगरीब ड्रेस पहनकर रोजाना मीडिया के सामने पोज देने वाली उर्फी जावेद ने अब स्टार किड्स पर निशाना साध लिया है। बिग बॉस ओटीटी स्टार ने सेलिब्रिटी ज्वेलरी डिजाइनर और सुजैन खान की बहन फराह खान अली के एक कॉमेंट के बाद ही स्टार किड्स के फैशन सेंस पर उंगली उठाई है।



पैपराजी विरल भयानी के इंस्टाग्राम अकाउंट से उर्फी जावेद का एक वीडियो शेयर किया गया था। इस वीडियो में उर्फी जावेद एक बॉडीगार्ड के साथ बहस करती हुई नजर आई थी। फराह खान अली ने इस वीडियो पर कॉमेंट करते हुए उर्फी जावेद के कपड़ों को लेकर तंज कसने की कोशिश की। इसके बाद तो उर्फी जावेद ने बारी-बारी से लंबे-चौड़े पोस्ट शेयर करके फराह की जमकर क्लास भी लगा दी है। उर्फी जावेद ने फराह से पूछा है कि वह कभी स्टार किड्स के कपड़ों पर ऐसी बातें क्यों नहीं लिखती हैं?

**फराह खान अली का कॉमेंट**-फराह खान अली ने कॉमेंट में लिखा है, माफ करिएगा, लेकिन इस लड़की को ऐसे कपड़ें पहनने के लिए फटकार लगानी चाहिए। लोग उसका मजाक उड़ाते हैं और उसे लगता है कि लोगों को उसका ड्रेसिंग सेंस पसंद आता है। काश की कोई उसे सच बता पाता। फरान खान अली के इस कॉमेंट को पढ़ने के लिए उर्फी जावेद खुद पर कंट्रोल नहीं कर पाई और इंस्टाग्राम पर उनकी क्लास भी लगा दी। उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा सा नोट शेयर किया है। इस पर लिखा है, %फराह खान अली मैम टेस्टफुल ड्रेसिंग क्या होता है? प्लीज इसका मतलब बताइए मुझे। मुझे पता है कि आप लोगों को मेरा ड्रेसिंग स्टाइल नहीं पसंद है। मैं किसी बबल में नहीं जी रही हूं, लेकिन मुझे लोगों की राय की भी परवाह नहीं होती है। आपने डिजाइनर टैग वाली ड्रेस पहन ली तो वह

## कंगना रनौत ने लॉकअप के बहाने फिर करण जौहर को घेरा, बोलीं- तेरे रोने के दिन आ गए पापा जो

कंगना रनौत का शो लॉकअप 200 मिलियन पहुंच गया है। इस बहाने उन्होंने एक बार फिर से करण जौहर पर निशाना साधा है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम पर मैसेज लिखा है। इसमें अपने शो के व्यूज का जिक्र किया है। साथ ही कुछ लोगों को टारगेट किया है। इसमें किसी का नाम नहीं है पर समझ आ रहा है कि उनका इशारा किस तरफ है। कंगना ने लिखा है, सबन कोशिश कर ली फिर भी उनके शो के इतने व्यूज हो गए। पापा जो कहीं छिपकर रो रहे होंगे। साथ में लिखा है आगे-आगे देखो होता है क्या, पापा जो तुम्हारे रोने के दिन आ गए हैं। कंगना रनौत का शो लोगों को मसालेदार गॉसिप्स दे रहा है। लॉकअप के व्यूज 200 मिलियन हो गए हैं। इस मौके पर उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मैसेज लिखा, जैसे ही लॉकअप के 200 मिलियन व्यूज हुए... सारी चंगू-मंगू सेना/क्रूएला की मीडिया/साथ में उनके पापा जो छिप-छिप के रोने वाले हैं। इतने पापड़ बेलने के बाद भी देखो 200 मिलियन और अभी आगे-आगे देखो होता है क्या... तेरे रोने के दिन आ गए पापा जो। कंगना रनौत शो की शुरुआत से ही कभी रितिक तो कभी करण पर निशाना साधती रहती हैं। वह शो के अलावा भी इन लोगों के खिलाफ अपनी भड़ास निकालती रहती हैं। कंगना लॉकअप की होस्ट हैं। कुछ दिन पहले उनका शो ओटीटी स्पेस में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बन चुका है। इसे 19 दिन में 100 मिलियन व्यूज मिले थे। कंगना इस पर अपनी खुशी भी जाहिर कर चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि इससे साबित होता है कि शो का कॉन्सेप्ट अलग हटकर है और यह एंटरटेनिंग है।





## महिलाओं को रक्तदान महादान जागरुकता अभियान के बारे में किया जागरूक

**जयपुर (हमारा वतन)**। रक्तकोष फाउंडेशन, ईनाया फाउंडेशन एवम् राजकीय कन्या महाविद्यालय किशनपोल जयपुर की छात्राओं को रक्तदान महादान जागरुकता अभियान एक पहल रक्तकोष की राष्टीय कोषध्यक्ष नीतीशा शर्मा ने रक्तदान महादान के बारे में जागरूक किया। एनएसएस की हेड डॉक्टर सुशीला सरस्वत ने सभी छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। मानसी शर्मा, उज्वल राठौर एवम् मनीषा कंवर को रक्त कोष ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया जाने पर बधाई एवम् रक्तदान को हर जन जन तक पहुंचाने की ज़िम्मेदारी दी गई। सारस्वत ने रक्तकोष फाउंडेशन के संस्थापक जितेन्द्र कुमार सोनी (आईएएस) की इस पहल को बहुत बहुत साधुवाद दिया कि जीवन बचाने से बड़ा कोई भी पुनीत कार्य नहीं है। रक्त कोष फाउंडेशन अभी तक लगभग 50000 यूनिट रक्तदान करवा चुके हैं और 15 ज़िलों में निरंतर रक्तदान महादान जागरुकता कार्य रक्त कोष टीम द्वारा करवा रहे है।

# मेनोपॉज में हॉट फ्लैशेज को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है ये मिठास भरा फल

मेनोपॉज किसी भी महिला के जीवन में बदलाव का एक महत्वपूर्ण और जटिल चरण है। इस समय उनके पीरियड्स खत्म होने लगते हैं। पीरियड्स की समाप्ति का यह समय अपने साथ बहुत सारी जटिलताएं लेकर आता है। जिनमें से एक मूड स्विंग्स चिड़चिड़ापन और हॉट फ्लैशेज हैं। अचानक कभी भी पसीने से तर हो जाना किसी को भी परेशान कर सकता है। लेकिन चिंता न करें, क्योंकि यहां एक ऐसे मिठास भरे फल के बारे में हम आपको बताने वाले हैं, जो न सिर्फ हॉट फ्लैशेज को कंट्रोल करने में आपकी मदद करेगा, बल्कि आपके मूड को भी बेहतर बनाए रखेगा। आइए जानते हैं कैसे मेनोपॉज में फायदेमंद है तरबूज ।आपके अंतिम पीरियड के 12 महीने बाद तक अगर आपके माहवारी नहीं होती है, तब माना जाता है कि आपको मेनोपॉज शुरू हो गया है। हालांकि, रजोनिवृत्ति से जुड़े लक्षण कई वर्षों तक रह सकते हैं।ये जटिलताएं कुछ बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ाती हैं। मगर आपका आहार लक्षणों को कम



करने में मदद कर सकता है। ऐसे में एक चीज़ या फूड, जो आपके लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है वो है तरबूज।

**जानिए मेनोपॉज में कैसे फायदेमंद हैं तरबूज?**

तरबूज का मौसम आ ही गया है और ये न केवल स्वादिष्ट और रसीले होते हैं, बल्कि काफी पौष्टिक भी हैं। मेनोपॉज में तरबूज के फायदे जानने के लिए हमने जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट के सीनियर नचुरोपैथ डॉ श्रीकांत एच एस, से बात की।

**हॉट फ्लैश से राहत दिलाए**-यह स्वादिष्ट फल हाइड्रेशन का एक बड़ा स्रोत है और तरबूज (154 ग्राम) की प्रत्येक सर्विंग आपको 141mL पानी प्रदान करेगी। इसकी उच्च पानी की मात्रा के कारण, तरबूज मेनोपॉज में होने वाले हॉट फ्लैश से राहत दिला सकता है। आप इसे आइसक्रीम/आइस ब्लॉक के रूप में खा सकती हैं। इसकी तासीर भी ठंडी होती है, इसलिए ये आपको गर्मियों में ठंडा रखेगा।डॉ श्रीकांत के अनुसार तरबूज एक हाइड्रेटिंग सुपरफूड है जिसका शरीर पर ठंडा प्रभाव पड़ता है। इसमें विटामिन सी, फाइबर और 92% पानी की मात्रा भी होती है जो मेनोपॉज के दौरान हॉट फ्लैशेज को रोकता है।

**समग्र स्वास्थ्य में सुधार करे**-तरबूज का गुलाबी/लाल रंगद्रव्य लाइकोपीन नामक पोषक तत्व के कारण होता है। लाइकोपीन कैरोटीनॉयड एक मजबूत एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है।

# चौमूं में मनाया बहुजन एकता दिवस

**चौमूं (हमारा वतन)** शहर के कचोलिया रोड स्थित केसरगढ़ हवेली में बहुजन विचारधारा के लोगों द्वारा 2 अप्रैल को बहुजन एकता दिवस शिव गोरख गो सेवा आश्रम चिड़ावा के संत ओमनाथ के सानिध्य में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रणजीत महरानिया ने कहा कि बहुजन के अधिकारों से छेड़छाड़ के विरोध में 2 अप्रैल 2018 को बहुजन विचारधारा के लोगों के द्वारा किए गए भारत बंद आंदोलन से जुड़े कई मुकदमे अभी पेंडिंग पड़े हुए हैं, सरकार को वापस लेना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में तहसील मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने देने के लिए भी बहुजन विचारधारा के लोगों से अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्रामीण स्वाभिमान विकास संस्था अध्यक्ष डॉ. श्रवण बराला ने कहा कि यदि अधिकारों से छेड़छाड़ की तो बहुजन विचारधारा के लोगों की ओर से हमेशा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संघर्ष के लिए हमेशा बहुजन विचारधारा के लोगों को संगठित रहना चाहिए। डॉ. बराला ने जयपुर जिले में यमुना नदी का पानी लाने के लिए जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि यमुना का पानी आ जाएगा तो किसान, मजदूर और गरीब को रोजगार मिल सकेगा। कार्यक्रम के शुभारंभ में 2 अप्रैल 2018 को भारत बंद आंदोलन के दौरान बहुजन के अधिकारों की सुरक्षा के लिए शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी गई। इनके अलावा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, सावित्रीबाई फुले, अब्दुल कलाम, भगत सिंह, चौधरी चरण सिंह, काशीराम को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच नंदकिशोर यादव, कुमावत समाज के पूर्व अध्यक्ष सोहन लाल कुमावत, कालाडेरा सरपंच अशोक शर्मा, लोहरवाड़ा सरपंच मनोहर सरावता, गोपीराम घोंसल्या, पंचायत समिति सदस्य गोपाल गुलिया, पूर्व बार अध्यक्ष सुरेश बाज्या, डॉ जगदीश अटल, सलीम पठान, गोपीचंद गंगवाल, पप्पू नायक, बंसी जाजोरिया, धर्मेंद्र घसिया, एडवोकेट महावीर जिंदल, भंवरलाल हरसोलिया, गोपाल देवटिया, गणेश नारायण गोरासरा, रामावतार कुलदीप, नंदराम यादव, एडवोकेट चरण सिंह चौधरी, सरपंच मोहनलाल, बद्रीनारायण कांदेला, हनुमान सहाय झांटीवाल आदि रहे। कार्यक्रम का संयोजन हाडोता पूर्व सरपंच राजेश वर्मा, सौदागर कांदेला ने किया ।स दौरान एडवोकेट जगदीश कुलदीप, एसएम गांधी, बुद्धिस्ट गोठवाल, सुरेंद्र हरसोलिया, सोनू वर्मा, नरेंद्र पद्मावत आदि लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।





हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# अखबारी कागजों की कीमतों की आग में झुलसता अखबार उद्योग!


राम गोपाल सैनी

कोरोना कोविड 19 के चलते 2020 के बाद अखबारों पर संकट के बादल छाने आरंभ हुए थे, जो अभी बदस्तूर उतने ही घने और स्याह ही दिखाई दे रहे हैं। कोविड काल में अखबार की प्रोडक्शन कास्ट में जमकर बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। बिजली की दरें, स्याही, मशीन के उपकरण आदि तो महंगे हुए ही हैं, साथ ही कागज की दरों में जिस तरह से अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है वह अखबारों के लिए संकट से कम नहीं है।रूस और यूक्रेन के बीच हो रहे युद्ध ने कागजों की दरों में जमकर बढ़ोत्तरी की है। इसके पहले चीन ने कागज का उत्पादन कम कर दिया था, क्योंकि इसके लिए उसे पेड़ काटने पड़ रहे थे। यही कारण था कि 2018 के उपरांत कोविड काल तक देश में कागजों की कीमतों में आग लग गई थी, क्योंकि चीन को कागज की आपूर्ति भारत से की जाने लगी थी। अखबारों का इतिहास भी भारत में दो सदी पुराना माना जा सकता है। भारत में यूरोपियन्स के प्रवेश के साथ ही समाचार पत्रों की शुरुआत होती है। भारत में प्रिंटिंग प्रेस लाने का श्रेय पुर्तगालियों को है। गोवा में वर्ष 1557 में कुछ ईसाई पादरियों ने एक पुस्तक छापी थी, जो भारत में मुद्रित होने वाली पहली किताब थी। 1684 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना की। लेकिन भारत का पहला समाचार पत्र निकालने का श्रेय भी जेम्स ऑगस्टस हिकी नामक एक अंग्रेज को जाता है, जिसने वर्ष 1780 में 'बंगाल गजट' का प्रकाशन किया था। यानी भारत में समाचार पत्रों का इतिहास 242 वर्ष पुराना है। कहा जाता है कि कोई भी परंपरा एक डेढ़ या दो सदी तक ही चला करती है। दो सौ सालों में वह शून्य से आरंभ होकर अपने शिखर तक पहुंचता है और एक बार फिर विलोपन की कगार पर पहुंच जाता है।देखा जाए तो किसी अखबार का मालिक उसका प्रकाशक या संपादक नहीं होता है। अखबार का असली मालिक तो उसका पाठक ही होता है।

# पत्रकारों ने 'पत्रकार कार्यालय' की मांग को लेकर पूर्व विधायक सैनी को दिया ज्ञापन



**जयपुर (हमारा वतन)।** सामोद रोड स्थित ब्रज सामोद रिसॉर्ट में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी द्वारा पत्रकार होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें चौमूं विधानसभा क्षेत्र के सभी पत्रकार बंधु सम्मिलित हुए। पत्रकारों द्वारा विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर अपने सुझाव दिए। सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर पत्रकार कार्यालय की मांग को लेकर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पहले भी कई बार पत्रकारों द्वारा इसकी मांग की गयी है, लेकिन अभी तक कार्यालय की व्यवस्था नहीं की गयी है। आशा है जल्द ही आपके द्वारा पत्रकार कार्यालय उपलब्ध करवा दिया जायेगा। पूर्व विधायक सैनी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जो समाज को एक नई दिशा प्रदान करता है। स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता ही लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करती है। पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट में चौमूं विधानसभा में ऐतिहासिक घोषणा जयपुर से चौमूं तक मेट्रो की डीपीआर, ग्राम गोविंदगढ़ में कन्या महाविद्यालय, नगर पालिका में 4 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, ग्राम जाटावाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 12 माध्यमिक विद्यालय को उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत करने एवं थाना कालाडेरा व सामोद को सीआई में क्रमोन्नत करने घोषणा की है। इसके साथ मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन को फिर से लागू करने, 50 यूनिट तक बिजली फ्री करने, दूध पर बोनस 2 रुपए से 5 रुपए करने, चिरंजीवी योजना में इलाज 5 लाख से 10 लाख करने बजट में ऐतिहासिक घोषणा की है। पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद एक बार फिर खुलेआम महंगाई बढ़ रही है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सहित अन्य खाद्य पदार्थों में दिन पर दिन महंगाई छा रही है। बढ़ती महंगाई की वजह से गृहणियों के रसोई का बजट बिगड़ रहा और घर चलाना मुश्किल हो रहा। इस मौके पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी, डीसीसी उपाध्यक्ष गिरिराज देवंदा, सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल गढ़वाल, पूर्व सरपंच भगवान सहाय गिरणा, गेंदी लाल सैनी, प्रकाश सैनी व पत्रकार गण मौजूद रहे।

# दोपहर की नींद

यदि रात की नींद समंदर है,तो दोपहर की नींद गंगा है,यदि रात की नींद विश्राम है,तो दोपहर की नींद महाविश्राम, यदि रात की नींद भोजन है,तो दोपहर की नींद महाप्रसाद,यदि रात की नींद दिल वाले दुल्हनियां ले जाएंगे है,तो दोपहर की नींद शोले है,यदि रात की नींद टेस्ट मैच है,तो दोपहर की नींद ट्वेन्टी ट्वेन्टी, यदि रात की नींद भर पेट भोजन है,तो दोपहर की नींद तीखी चटनी, यदि रात की नींद गन्ने की खेती है,तो दोपहर की नींद धनिया की खेती,यदि रात की नींद पोस्ट पेड है,तो दोपहर की नींद लोन रिचार्ज,यदि रात की नींद पूरी कसरत है, तो दोपहर की नींद मार्निंग वाक, यदि रात की नींद,नेशनल हाइवे है,तो दोपहर की नींद गांव की पगडंडी,यदि रात की नींद गंगा है,तो दोपहर की नींद अमृत,यदि रात की नींद स्कूल है,तो दोपहर की नींद क्लासेस,यदि रात की नींद बुर्ज खलीफा है,तो दोपहर की नींद पेड़ की छांव,दोपहर की नींद को स्वास्थ की दृष्टि से शायद गलत माना जाता है, पर इसका मज़ा ही कुछ और है । सुबह की नींद से जागने में आलस्य कम होता है,पर दोपहर की नींद से जागने में बहुत आलस्य होता है । पुददन काका कह रहे थे, दोपहर की नींद नसीब वालो को ही मिलती है । इस विषय मे लकी हूँ ,मेरी बातों से तर्क न करें, ठीक लगे तो आनन्द ले,अन्यथा ...इन्हें बिल्कुल सिरियसली न लें !



डॉ रमाकांत क्षितिज
संकलन विनोद कुमार दुबे

## सरकारी स्कूल के बच्चों को मिलेगी गुड़ की चिक्की:कुपोषण दूर करने के लिए नया प्रयोग

**झालावाड़ (वि.सं.)।** झालावाड़ जिले के सरकारी स्कूलों के करीब डेढ़ लाख बच्चों को अब पोषाहार में गुड़ की चिक्की मिलेगी। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की सर्वे रिपोर्ट में प्रदेश के पिछड़े जिलों में झालावाड़ जिले का चयन हुआ है। बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए जल्द ही स्कूल में पोषाहार के साथ गुड़ की चिक्की भी दी जाएगी।

# कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष लल्लूराम सैनी ने जताया सीएम गहलोत का आभार



**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री निवास पर जाकर कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष लल्लूराम सैनी राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्री डेवलपमेंट बोर्ड का सदस्य बनाने पर जयपुर जिला देहात कांग्रेस सेवादल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के चेयरमैन पुखराज पाराशर, डॉ भवी मीणा, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत, कमल सिंह यादव, मास्टर श्याम शर्मा, प्रफुल्ल विजयवर्गीय, रामचंद्र यादव, भरत बुनकर गोविंद योगी, प्रतिभा नुवाल, रामनिवास गागर, मिलापचंद नारोलिया, सुरेंद्र सिंह हरसोलिया, उमेश भाटी, प्रदीप सैनी, मोनू सेन, बनवारीलाल मार्वल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

# विधायक रामलाल शर्मा ने पेयजल समस्या को लेकर सरकार को चेताया



**चौमूं (हमारा वतन)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने पेयजल की समस्या को लेकर सरकार का ध्यान दिलाते हुए कहा कि मैं सरकार को बार-बार चेता रहा हूं कि ग्रीष्म ऋतु शुरू हो चुकी है।

पानी की गंभीर समस्या गांवों और शहरों में बनी हुई है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है और अब गर्मी अपने भीषण तेवर दिखाना शुरू कर चुकी है और आमजन भी परेशान और पीड़ित है। आए दिन महिलाएं नगरपालिका के अंदर भी धरने प्रदर्शन कर रही है। लेकिन उसके बावजूद भी सरकार ऐसा कोई कदम नहीं उठा रही या ऐसा कोई रोडमैप तैयार कर रही कि जिससे पानी की समस्या का समाधान हो सके।

मुझे लगता है कि आने वाले समय के अंदर हालात और भी बद-बदतर होते हुए दिखाएं देंगे। लेकिन समय रहते सरकार नहीं चेती और माकूल व्यवस्था नहीं थी तो मुझे लगता है कि जनता के आक्रोश का सामना भी सरकार को करना पड़ेगा।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा